भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल
Website:www.bsgmp.net, E_mail:bsgmadhypradesh@gmail.com Phone : 2661263, Fax: 2737446

# ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 वार्षिक समीक्षा बैठक दिनांक 3 व 13 नवम्बर 2014
## ( राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल )
## कार्यवाही विवरण

ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 3 व 13 नवम्बर 2014 को प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमें निम्न संगठन अधिकारी उपस्थित रहे–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनीता अंकुलनेरकर | राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 2 | श्री प्रकाश दिसोरिया | राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 3 | श्री आर0एन0तिवारी | राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 4 | श्री एच0सिद्दिकी | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) रा0मु0भोपाल |
| 5 | श्री विक्रमसिंह चौहान | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.) रा0मु0 भोपाल |
| 6 | श्री हरिदत्त शर्मा | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.) संभा0कार्या0जबलपुर |
| 7 | श्रीमती चन्द्रकांता उपाध्याय | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0 इन्दौर |
| 8 | श्रीमती संतोष सिंह | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0 रींवा |
| 9 | श्रीमती उषा यादव | सहा. राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0 ग्वालियर |
| 10 | श्री बी0एल0 शर्मा | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0) संभा0कार्या0 भोपाल |
| 11 | श्री प्रमोद गंगराड़े | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0) संभा0कार्या0 उज्जैन |
| 12 | श्री उमेश श्रीवास्तव | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0होशंगाबाद |
| 13 | श्री धीरज सोनी | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0सागर |
| 14 | श्री वीरसिंह यादव | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0 मुरैना |
| 15 | श्री बी0एल0चौरे | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0 शहडोल |
| 16 | श्री के0पी0सिंह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला शहडोल |
| 17 | श्री सुखदेव सिंह चौहान | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला जबलपुर |
| 18 | श्रीमती अनुभूतिसिंह | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला उज्जैन |
| 19 | श्री मनोज पटेल | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला उज्जैन |
| 20 | श्री राजेश मेवाड़े | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला भोपाल |
| 21 | श्री सुशील बिल्लोरे | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला रायसेन |
| 22 | श्री गजराज सिंह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला सीहोर |
| 23 | श्रीमती अनीता सोनेवाने | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला विदिशा |
| 24 | श्री सुशील कुशवाह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला धार / झाबुआ |
| 25 | श्री गणेश श्रीवास्तव | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला अलीराजपुर / बडवानी |
| 26 | श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला छिंदवाडा / सिवनी |
| 27 | श्री ललित मिश्रा | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला कटनी |
| 28 | श्री इनेन्द्र डहरवाल | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला बालाघाट |
| 29 | श्री शंकरसिंह इक्टोरिया | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला ग्वालियर |
| 30 | श्री मुकेश कुशवाह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला शिवपुरी |
| 31 | श्रीमती कंचन सिंह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला सागर |



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

32 श्री मुंशीलाल अहिरवार — डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला टीकमगढ
33 श्री अनिल सोनी — डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला पन्ना
34 श्री अतिबल सिंह — डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला भिण्ड
35 श्री ओमप्रकाश सिकरवार — डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला श्योपुर
36 श्री दयाशंकर तिवारी — डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला छतरपुर
37 श्री एन0डी0वैष्णव — जिला सचिव जिला मन्दसौर
38 श्री सर्वेश कुमार द्विवेदी — जिला सचिव जिला सिंगरौली
39 श्री एन0पी0सूर्यवंशी — जिला सचिव जिला शाजापुर

बैठक का प्रारंभ ईश–प्रार्थना के साथ किया गया तत्पश्चात् एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा सभी का स्वागत कर बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी, बैठक मे डी0ओ0सी0 (गाइड) अशोकनगर व दतिया सम्मिलित नही हुये। बैठक में ऐजेण्डा अनुसार निम्न बिन्दुओं पर समीक्षात्मक विस्तृत चर्चा की गई–

**1. गत बैठक का पालन प्रतिवेदन–**

एस0ओ0सी0(गाइड) श्रीमती अनीता अंकुलनेरकर द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन की जानकारी दी गई एवं आपेक्षित चयनित 20 दल, कार्ययोजना सभी से प्राप्त हुई तथा निर्धारित कार्यक्रमों के आयोजन नगर पंचायत/नगर निगम निर्वाचन होने के कारण दिये निर्देशानुसार माह अक्टूबर में पूर्ण किये गये ।

**2. युवा कार्यक्रम :–**

एस0ओ0सी0(स्काउट) श्री प्रकाश दिसोरिया द्वारा युवा कार्यक्रमों पर निम्नानुसार चर्चा की गई–

1 राज्य स्तरीय एडवेंचर केम्प में भोपाल, इन्दौर, अशोकनगर, बालाघाट जिले को छोड़कर शेष समस्त जिलों से प्रतिभागिता निरंक रही है ।

2 रोवर–रेंजर समागम में भोपाल, रायसेन, सीहोर, ग्वालियर, शिवपुरी, मुरैना, छिंदवाडा, नरसिंहपुर, शाजापुर, को छोड़कर शेष सभी जिलों से प्रतिभागिता निरंक रही ।

3 चतुर्थचरण–हीरकपंख जांच शिविर में मात्र डिंडौरी, धार, हरदा, ग्वालियर, से प्रतिभागिता रही शेष जिलों से प्रतिभागिता निरंक रही है ।

राज्य व संभाग स्तर पर आयोजित शिविरों एवं प्रतिभागिता की जानकारी निम्नानुसार रही है

| क्रम | संभाग | राज्य स्तर के कुल कार्यक्रम | राज्य स्तर पर प्रतिभागिता | संभाग स्तर के कुल कार्यक्रम | संभाग स्तर पर प्रतिभागिता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 13 | 08 | 13 | 0 |
| 2 | चम्बल | 13 | 07 | 13 | 03 |
| 3 | ग्वालियर | 13 | 11 | 13 | 04 |
| 4 | होशंगाबाद | 13 | 03 | 13 | 02 |
| 5 | इन्दौर | 13 | 07 | 13 | 01 |
| 6 | जबलपुर | 13 | 08 | 13 | 0 |
| 7 | सागर | 13 | 05 | 13 | 04 |
| 8 | रींवा | 13 | 05 | 13 | 02 |
| 9 | शहडोल | 13 | 03 | 13 | 04 |
| 10 | उज्जैन | 13 | 05 | 13 | 03 |

4. संभाग स्तरीय कार्यक्रम –

1 जिला अधि0की बैठक किसी भी संभाग में नहीं की ।

2 तृतीय सोपान जांच शिविर मुरैना, ग्वालियर, सागर, संभाग में आयोजित ।



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

3 तृतीयचरण–स्वर्णपंख सभी संभाग में निरंक ।

4 निपुण रोवर–रेंजर में सभी संभाग निरंक ।

5 जिला स्तरीय कार्यक्रम :–

– जिला स्तर पर कुल 20 कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें राजगढ, हरदा, अलीराजपुर, खण्डवा, बुरहानपुर, खरगौन, नरसिंहपुर, मन्दसौर में कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हुये है ।

– माह जुलाई से अक्टूबर 2014 तक के कार्यक्रमों में विभिन्न बैठकों का आयोजन मात्र ग्वालियर, बडवानी, छिंदवाडा, सागर, देवास, में आयोजित किये गये शेष जिलों में निरंक ।

– टोलीनायक प्रशिक्षण शिविर भोपाल, धार, इन्दौर कटनी में आयोजित किये गये शेष निरंक है।

– द्वितीय सोपान जांच शिविर भोपाल, ग्वालियर, कटनी, सागर, पन्ना, में आयोजित किये गये शेष जिलों से निरंक ।

– द्वितीयचरण–रजतपंख जांच शिविर मुरैना, ग्वालियर, धार, कटनी में आयोजित शेष जिलों से निरंक ।

– प्रवीण रोवर–रेंजर जांच शिविर मुरैना, कटनी में आयोजित शेष जिलों से निरंक ।

**निर्देश** :–1 निरंक प्रतिभागिता वाले जिले एवं संभाग के अधिकारियों को एस.सी.एन जारी किया जावे ।

2 निरंक प्रतिभागिता वाले जिलों के लिये ए0एस0ओ0सी0 एवं संबंधित डी0ओ0सी0 जिलें में शेष रहें कार्यक्रमों को दिसम्बर 2014 तक पूर्ण करावें अन्यथा तत्काल प्रभाव से अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी ।

3 प्रत्येक स्तर के जांच शिविरों एवं कार्यक्रमों में युनिफार्म अनिवार्य है ।

3 शिविर एवं कार्यक्रमों का प्रतिवेदन 15 दिवस में राज्य मुख्यालय को अनिवार्यतः प्रेषित करें ।

4 प्रत्येक स्तर के कार्यक्रमों के फोटोग्राफ स्काउट–गाइड यूनिफार्म में गतिविधियॉ प्रदर्शित करते लेवे इसकी विशेष ध्यान रखें ।

**कार्यवाही एस0ओ0सी0 / ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0(स्काउट / गाइड)**

**3. वयस्क प्रशिक्षण :–**

**स्काउट विभाग :–**

1. सामान्य सूचना शिविर का प्रतिवेदनं जिला बुरहानपुर, अलीराजपुर, बालाघाट, सिवनी, अनुपपुर, रींवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, राजगढ, होशंगाबाद, हरदा, बैतूल, सें प्राप्त नहीं हुये है ।

2 बेसिक कब मास्टर प्रशिक्षण शिविर में जिला इन्दौर, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर, जबलपुर संभाग, सतना, अनुपपुर, उमरिया, डिडौरी, रतलाम, मन्दसौर, नीमच से प्रतिभागिता निरंक है ।

3 बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर में जिला झाबुआ, अलीराजपुर, खण्डवा, बुरहानपुर, मण्डला, रींवा, अनुपपुर, डिडौरी, रतलाम, मन्दसौर नीमच, शाजापुर से प्रतिभागिता निरंक है।

4 बेसिक रोवर लीडर में धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगौन, जबलपुर, सिवनी, छिंदवाडा, नरसिंहपुर, मण्डला, रींवा संभाग, शहडोल संभाग, उज्जैन, देवास, रतलाम, मन्दसौर नीमच से प्रतिभागिता निरंक है ।

5 एडवांस कब मास्टर प्रशिक्षण शिविर में इन्दौर संभाग से 3, उज्जैन संभाग से 2, जबलपुर संभाग से 6 की प्रतिभागिता रही शेष संभागों से प्रतिभागिता निरंक रही ।

6 एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर में इन्दौर, शहडोल, रींवा में सतना को छोड़कर, उज्जैन संभाग में शाजापुर को छोड़कर शेष में प्रतिभागिता निरंक रही ।



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

**गाइड विभाग :–**

1 बेसिक फ्लाक लीडर प्रशिक्षण शिविर में भोपाल, विदिशा, सीहोर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, होशंगाबाद संभाग, बडवानी छोडकर इन्दौर संभाग,नरसिंहपुर, कटनी, मण्डला, रींवा संभाग, शहडोल संभाग, सागर संभाग, उज्जैन संभाग से प्रतिभागिता निरंक रही है ।

2 बेसिक गाइड केप्टिन प्रशिक्षण शिविर में रींवा, शहडोल, होशंगाबाद में शिविर नहीं हुये तथा भिण्ड, गुना, अशोकनगर, झाबुआ, अलीराजपुर, खण्डवा, बुरहानपुर, कटनी, मण्डला, दमोह, रतलाम, मन्दसौर, नीमच में प्रतिभागिता निरंक रही है ।

3 बेसिक रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर में सीहोर, मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, अशोकनगर, बालाघाट, छिंदवाडा, सागर की प्रतिभागिता रही शेष सभी जिलों से प्रतिभागिता निरंक रही।

**निर्देश** :–1. निरंक प्रतिभागिता वाले जिले एवं संभाग के अधिकारियों को एस.सी.एन जारी करे ।

2. माह दिसम्बर 2014 तक शेष रहे शिविरों को आयोजित करें एवं निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें।

3 दिनांक 19 से 25 नवम्बर 2014 से आयोजित शिविरों में जिले से पात्रतानुसार प्रतिभागिता करावें ।

4 बेसिक रेंजर लीडर प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों के आवेदन दिनांक 10 दिसम्बर 2014 तक प्रेषित करें ताकि शिविर आयोजित किया जा सके ।

**कार्यवाही एस0टी0सी0 / ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0(स्काउट / गाइड)**

**4. भण्डार (साजसज्जा) :–**

संभागवार एवं जिलेवार भण्डार सामग्री मॉग व प्रेषित राशि की जानकारी दी गई । जिसमें अप्रेल माह से श्रीमती श्रद्धासिंह दतिया, दमोह, श्री जगदीश डोडिया रतलाम, जामठी, श्री शैलेन्द्रसिंह सतना, श्री जे0के0नामदेव शहडोल, श्री प्रदीप व्यास शाजापुर से राशि अप्राप्त हैं। श्री नरेन्द्र शर्मा, श्री राजेश मेवाड़े, श्री गजराज सिंह, श्री मुकेश कुशवाह, श्री अतिबल सिंह, श्री मुंशीलाल अहिरवार, का हिसाब देखना है । सिवनी की सामग्री होशंगाबाद एवं जामठी हिसाब का समायोजन करना है ।

**निर्देश** :–1 सभी को माह दिसम्बर 2014 तक स्टीकर व डायरी की राशि जमा करावें अन्यथा उक्त राशि की वसूली उनकी वेतन से प्रारंभ कर दी जावेगी ।

2 प्रतिमाह भण्डार की राशि राज्य मुख्यालय अनिवार्य रूप प्रेषित करें ।

**कार्यवाही भण्डार प्रभारी / ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0(स्काउट / गाइड)**

**5. पंजीयन, चार्टर, वारंट :–**

सत्र 2013–2014 की अप्राप्त राशि जिला खण्डवा, बुरहानपुर, बडवानी, झाबुआ, अलीराजपुर, देवास, मन्दसौर, रतलाम, सतना, सीधी, शहडोल, उमरिया, अनुपपुर, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मण्डला, से राशि अप्राप्त है ।

दल पंजीयन के संबंध मे निर्धारित लक्ष्यपूर्ति की जानकारी दी । सभी के द्वारा अपने प्रयासों से पूर्व में राशि प्रेषित की गई है किन्तु शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग से आदेशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा राशि नहीं भेज रहें है ।

**निर्देश** :–1 सभी उ0मा0वि0 एवं अशास0 विद्यालयों के दल पंजीयन राशि प्राप्त करें एवं सूची तैयार रखे

2 जिनकी पंजीयन राशि प्राप्त हो चुकी है उनके चार्टर उपलब्ध करावे ।



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

3 वारंट फार्म के साथ दल पंजीयन की रसीद /चार्टर तथा पूर्ण भरा फार्म सभी के हस्ताक्षर के साथ प्रेषित करें ।

4 सभी ए0एस0ओ0सी0 एवं डी0ओ0सी0 को पंजीयन राशि भेजने हेतु 30 दिसम्बर 2014 तक की अंतिम तारीख निर्धारित की जाती है । अन्यथा राशि न भेजने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की जाये ।

**कार्यवाही कक्ष प्रभारी/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0(स्काउट/गाइड)**

**6. पत्रिका :–**

सभी संभाग की जिलेवार आजीवन व वार्षिक सदस्यता की स्थिति प्रस्तुत की गई– जिला अलीराजपुर, बुरहानपुर, जबलपुर, मण्डला, नरसिंहपुर, सीधी, सिंगरौली, अनुपपुर, रतलाम की सदस्यता नगण्य है ।

**निर्देश** :–1 सभी जिलों व उ0मा0विद्यालयों में पत्राचार कर पत्रिका की सदस्यता में वृद्धि कर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करावे एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पत्रिका के विज्ञापन भी भेजे अन्यथा 31 दिसम्बर 2014 के पश्चात् अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी ।

2 जिन जिला संघ व फर्मो की विज्ञापन राशि शेष है वह माह दिसम्बर 2014 तक जमा करावें

3 पत्रिका हेतु समाचार में कार्यक्रम का दिनांक, स्थान, प्रतिभागी स्काउट व गाइड की संख्या व किन–किन विद्यालयों की प्रतिभागिता रही पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

4 फोटोगाफ कार्यक्रम व स्काउट–गाइड के गतिविधि के हो जिस में युनिफार्म धारी स्काउट–गाइड के फोटो प्रेषित करें ।

**कार्यवाही पत्रिका प्रभारी/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0(स्काउट/गाइड)**

**7. समस्या एवं सुझाव :–**

बैठक के अन्त में सभी से व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा की जो निम्नानुसार है–

1 संभागीय कार्यालय उज्जैन भवन के मरम्मत की अनुमति प्राप्त नहीं हुई है ।

2 श्री गणेश श्रीवास्तव द्वारा संचालित डिजास्टर मेनेजमेन्ट कोर्स के बिल समायोजन पश्चात भी राशि वेतन से कटौत्रा किया गया ।

3 श्री मनोज पटेल का माह अप्रेल 2014 का वेतन अप्राप्त है ।

4 संभागीय कार्यालय होशंगाबाद में प्यून की आवश्यकता है । कार्यालय सहायक आवश्यकता से अधिक है ।

5 श्रीमती चन्द्रकांता उपाध्याय को विगत 5 माह का वेतन आपेक्षित जानकारी के पश्चात् भी अप्राप्त है ।

6 श्री सुशील कुशवाह का लम्बित यात्रादेयक बिल का समय पर भुगतान नहीं हुआ है ।

7 श्री नरेन्द्रकुमार शर्मा का लम्बित यात्रादेयक बिल का भुगतान नहीं हुआ है ।

8 श्री सुखदेवसिंह चौहान का विगत 4 माह का वेतन अप्राप्त है ।

9 श्री हरिदत्त शर्मा का विगत 4 माह का वेतन अप्राप्त है ।

10 श्री प्रमोद गंगराडे का सितम्बर 2013 में रू0 13500/– डायरी राशि जमा पश्चात् भी वेतन से कटौत्रा किया गया एवं रू0 15000/– के यात्रादेयक बिल की राशि अप्राप्त है ।

11 श्री एच0सिद्दिकी का माह अप्रेल, मई, जून 2013 का वेतन का निराकरण नहीं किया गया

12 श्री बी0एल0चौरे का विगत 6 माह का वेतन अप्राप्त है ।

13 श्रीमती संतोषसिंह का डायरी कलेण्डर की राशि नगद जमा करने के बाद भी 45 हजार वेतन से काट लिये गये है ।

14 श्री इनेन्द्र डहरवाल का माह मई 2014 से 6 माह का वेतन अप्राप्त है । आर्थिक कठिनाई के



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

कारण मकान मालिक को किराया नहीं देने के कारण मकान मालिक मकान पर ताला लगा दिया है ।

15 श्रीमती अनुभूति सिंह के डायरी कलेण्डर की राशि जमा पश्चात भी रू0 4600/—वेतन से काट लिये गये है ।

16 श्री धीरज सोनी भण्डार राशि रू0 3460/— जमा पश्चात् भी वेतन से काट लिये गये है ।

17 इन्दौर, शहडोल, उज्जैन, रींवा संभाग में जिला संगठक की कमी है ।

निर्णय :— **उपरोक्त बिन्दुओं पर राज्य मुख्यालय कार्यवाही कर शीध्र अवगत कराये ।**

1 5 बिन्दुओं में लक्ष्यपूर्ति आधार पर मासिक प्रतिवेदन प्रेषित करें ।

2 दिसम्बर 2014 में जम्बूरी न होने पर अन्य कार्यक्रम या संभागीय रैली आयोजित करें ।

3 राज्य स्तरीय एडवेंचर केम्प में सभी जिलों से प्रतिभागिता हो ।

4 जिलों में नवीन जिला सचिव व कोषाध्यक्ष के नाम प्रस्तावित कर प्रेषित करें ।

दिनांक 13 नवम्बर 2014 को राज्य सचिव श्री जी0आर0शर्मा पधारे उनके द्वारा वेतन हेतु अनुदान के लिये किये गये प्रयासों की जानकारी दी तथा एक माह में अनुदान प्राप्त होने पर वेतन देने का आश्वासन दिया ।

सभी की समस्याओं का कार्यालय में जाकर व्यक्तिगत रूप से निराकरण करने का आश्वासन दिया ।

अन्त में दोनों बैठकों में श्री प्रकाश दिसोरिया (एस0ओ0सी0स्काउट) ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया व बैठक सआनंद सम्पन्न हुई ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0/13029 /रामु/ समीक्षा बैठक/2014 भोपाल, दिनांक 26/11/2014

प्रतिलिपि :— सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु—

1. माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2. संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3. राज्य संगठन/ प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) संभाग/जिला मुख्यालय ..........................................(म0प्र0) की ओर भेजकर निर्देश है कि उपरोक्त निर्णयानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार आवश्यक जानकारी/पालन प्रतिवेदन भेजे साथ ही 31 दिसम्बर 2014 तक पांच बिन्दुओं की लक्ष्यपूर्ति कर अवगत करावें ।
5. समस्त शाखा प्रभारी ...................................राज्य मुख्यालय ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

E:\asoc baithak\asoc-doc baithak 3 & 13 Nov. 2014\asoc-doc baithak 3&13 Nov. 2014.docx-sahu-6

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com